दिन– मंगलवार                                                                                     दिनांक– 09 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                                                 अवधि– 15 मिनट

---

01. कोसी, गंडक, बागमती और महानंदा नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण पश्चिम चंपारण, सुपौल और गोपालगंज समेत राज्य के सात जिले बाढ़ की चपेट में।

02. केन्द्र सरकार ने गया के डोभी में प्रदेश के सबसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र के निर्माण को दी मंजूरी। एक हजार तीन सौ पचास करोड़ रूपये से अधिक के निवेश की संभावना।

03. रूपौली विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान कल। तीन लाख से अधिक मतदाता ग्यारह प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे।

04. और, बेगूसराय के बिहट में आज सुबह हुई सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत। तीन अन्य गंभीर रूप से घायल।

---

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्र और प्रदेश में रूक–रूक कर हो रही बारिश के कारण कोसी, गंडक, बागमती और महानंदा नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। इन नदियों के जलस्तर बढ़ने के कारण सात जिलों पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, दरभंगा, मधुबनी, गोपालगंज, कटिहार, सुपौल और सारण के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैल गया है। पश्चिम चंपारण जिले में गंडक के साथ–साथ सिकटा नदी भी तबाही मचाने लगी है। हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले में बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गयी है।

–––बाईट–––

वाल्मीकिनगर गंडक बराज़ से आज भी 2 लाख 70 हज़ार क्यूसेक पानी नदी में छोड़ा गया। इसके बाद दियारा के निचले इलाकों में बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गयी है। जिले के पिपरासी औऱ ठकरहां प्रखंड के गांवों समेत चकदहवा, झंडू टोला, एसएसबी कैंप और बीन टोली में बाढ़ का पानी प्रवेश कर चुका है। वहीं, योगापट्टी प्रखंड क्षेत्र के जलरपुर– खुटबनिया और सिसवा मंगलपुर पंचायत के कई गांव बाढ़ की चपेट में आ गये हैं। इधर, जिले में सिकटा नदी भी कहर ढाहने लगी है। नदी में आए उफान से घोड़ासहन नहर के अट्ठाईसलखा पुल के पास पश्चिमी सुरक्षा तटबंध क्षतिग्रस्त हो गया है। जिससे कई गांव जलमग्न हो गए हैं। प्रशासन लोगों से ऊंचे स्थानों पर जाने की अपील कर रहा है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में कल से सामुदायिक रसोई घर का संचालन शुरू किया जाएगा। आकाशवाणी समाचार के लिए बेतिया से आशीष कुमार।

इधर, दरभंगा के कुशेश्वर स्थान पूर्वी प्रखंड की कई पंचायते बाढ़ से प्रभावित हैं। पूर्वी चंपारण जिले में भी गंडक और सहायक नदी सिकरहना के जलस्तर में बढ़ोतरी से

बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। कोसी के बढते जलस्तर के कारण सुपौल जिले के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैला गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले में पांच प्रखंड की सत्ताईस पंचायतों की लगभग पांच लाख की आबादी बाढ़ से प्रभावित हुयी है। नेपाल में हो रही भारी बारिश के बाद भीमनगर कोसी बराज से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। जलस्तर में हो रहे उतार–चढाव के बीच कोसी नदी के पूर्वी और पश्चिमी तटबंध के भीतर रह रहे लोग पूरी तरह से बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। जिले के सुपौल सदर, किशनपुर, सरायगढ़–भपटिआही, मरौना और निर्मली प्रखंड के कई गांव बाढ़ की चपेट में हैं। तटबंध के भीतर रह रहे लोग ऊंचे स्थानों की ओर पलायन करने लगे हैं। जिला प्रशासन और जल संसाधन विभाग द्वारा तटबंधों की निगरानी बढ़ा दी गयी है। बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच पॉलिथीनशीट का वितरण किया जा रहा है। गोपालगंज से हमारे संवाददाता ने बताया कि बांध के अंदर बसे कई गांव बाढ़ की चपेट में आ गये हैं।

———बाईट———

वाल्मीकिनगर बराज से पानी छोड़े जाने के बाद गंडक नदी के जलस्तर में वृद्धि हुई है। डुमरिया घाट में गंडक नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर है। गोपालगंज सदर, मांझा प्रखंड क्षेत्र में सारण बांध के अंदर बसे कई गांवों में बाढ़ का पानी फैल गया है। सदर प्रखंड के रामनगर, जागीरी टोला और मलाही टोला में सड़कों पर बाढ़ का पानी आ जाने से आवागमन प्रभावित हुआ है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों के लिए नाव ही आवागमन का एक मात्र साधन बच गया है। इधर, बांध की निगरानी को लेकर जल संसाधन विभाग के अधिकारी 24 घंटे कैम्प कर रहे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए गोपालगंज से मदेश तिवारी।

———————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने प्रदेश के बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण कर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये हैं। इधर, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि बाढ़ से उत्पन्न स्वास्थ्य चुनौतियों से निपटने के लिए विभाग अलर्ट मोड पर है। श्री पांडेय ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य टीम के साथ ही नौका औषद्यालय की सुविधा प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के पंद्रह बाढ़ अति प्रभावित जिलों के साथ ही कई अन्य जिले बाढ़ से प्रभावित होते हैं। इन सभी जिलों में व्यापक स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

———————————————

मौसम विभाग ने आज पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, किशनगंज, अररिया और औरंगाबाद जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार शेष स्थानों पर हल्की से मध्यम स्तर की बारिश की संभावना है। मौसम

विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले सात दिनों तक राज्य के कई जिलों में बारिश की संभावना है।

---बाईट---

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान सहरसा के पत्तरघट में सबसे अधिक एक सौ ग्यारह दशमलव छह मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी।

---

केन्द्र सरकार ने गया में एकीकृत विनिर्माण क्लस्टर– आईएमसी के लिए परियोजना को मंजूरी दी है। उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव संदीप पौंड्रिक ने बताया कि राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास और कार्यान्वयन ट्रस्ट– एनआईसीडीआईटी के न्यासी बोर्ड ने इस संबंध में स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके लिए राज्य सरकार ने गया जिले के शेरघाटी उपविभाग के अंतर्गत डोभी ब्लॉक में जमीन चिन्हित की है। श्री पौंड्रिक ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि इस परियोजना में एक हजार तीन सौ पचास करोड़ रूपये से अधिक के निवेश की संभावना है। उन्होंने बताया कि एक हजार छह सौ सत्तर एकड़ क्षेत्रफल के साथ यह राज्य का सबसे बड़ा औद्योगिक क्षेत्र होगा। उल्लेखनीय है यह परियोजना अमृतसर–कोलकाता औद्योगिक गलियारे के दायरे में है।

---

केन्द्र सरकार एयर कंडिशनर और एलइडी लाइट्स जैसे घरेलू इलेक्ट्रानिक उत्पादों से जुड़ी प्रोत्साहन योजना– पीएलआई के अंतर्गत आवेदन प्रक्रिया फिर से शुरू करेगी। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अनुसार यह प्रक्रिया पंद्रह जुलाई से बारह अक्टूबर तक जारी रहेगी।

---

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि देशभर में दस हजार किसान उत्पादक संगठन–एफपीओ के लक्ष्य के मुकाबले, लगभग आठ हजार आठ सौ एफपीओ स्थापित किए गए हैं। ये संगठन किसानों को बेहतर गुणवत्ता वाली वस्तुओं का उत्पादन करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं और उनके लिए बेहतर प्रौद्योगिकी, ऋण और अधिक बाजारों तक पहुंच की सुविधा प्रदान करते हैं।

भारतीय रिर्जव बैंक ने बिहार में छोटे ऋण बांटने वाली माइक्रो फाईनेंस कंपनियों और गैर बैकिंग संस्थाओं को चेतावनी दी है। आरबीआई ने इन कंपनियों को राज्य में ऋण बांटने की गति को धीमा करने को कहा है। शीर्ष बैंक द्वारा जारी सलाह में कहा गया है कि ऋण के बदले बैंकों के पास कोई गांरटी जमा नहीं है। इससे उनकी राशि डूबने का खतरा होता है। सेंटर ऑफ रिसर्च इन इंटरनेशनल फाईनेंस की रिपोर्ट के अनुसार बिहार और उत्तर प्रदेश में पच्चीस प्रतिशत से अधिक छोटे ऋण बांटे गये हैं।

राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग ने आनंद कारज अधिनियम के अतंर्गत सिख विवाह के कार्यान्वयन और पंजीकरण के लिए अठारह राज्यों और केंद्रशासित प्रदेश के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। मंत्रालय ने कहा कि झारखंड, महाराष्ट्र और मेघालय में अधिनियम के लागू होने की जानकारी दी गई है। वहीं, अन्य राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों ने आश्वासन दिया की वे दो महीने में लागू कर देगें।

रूपौली विधानसभा उपचुनाव के लिए कल मतदान होगा। उपचुनाव में मुख्य मुकाबला एनडीए उम्मीदवार जदयू के कलाधर मंडल और महागठबंधन की ओर से राजद उम्मीदवार बीमा भारती के बीच है। चुनाव मैदान में ग्यारह प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार इस क्षेत्र में तीन लाख तेरह हजार छह सौ चौंसठ मतदाता हैं। इनमें एक लाख इकसठ हजार सात सौ बारह पुरूष, जबकि एक लाख इक्यावन हजार नौ सौ छत्तीस महिला वोटर हैं। पहली बार वोट करने वाले मतदाताओं की संख्या तीन हजार नौ सौ इक्यावन है। थर्ड जेंडर वोटर की संख्या मात्र सोलह है। मतों की गिनती तेरह जुलाई को होगी।

सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट यूजी पेपर लीक मामले में केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी – एनटीए से न्यायालय में रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। शीर्ष अदालत ने केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो – सीबीआई से मामले में अब तक की अपनी जांच पर स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का भी निर्देश दिया है।

–––बाईट–––

न्यायालय ने एनटीए, केंद्र सरकार और सीबीआई को बुधवार शाम पांच बजे तक अपनी रिपोर्ट पेश करने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ नीट–यूजी परीक्षा से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें इस परीक्षा में हुई कथित अनियमितताएं तथा कदाचार का आरोप और इस परीक्षा को नए सिरे से आयोजित करने का निर्देश देने की मांग भी शामिल थी। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि दोबारा परीक्षा का आदेश देने से पहले पेपर लीक कहां से हुआ, यह पता होना जरूरी है। शीर्ष अदालत ने कहा कि परीक्षा रद्द करना अंतिम उपाय है। इस मामले में अब अगली सुनवाई बृहस्पतिवार को होगी। समाचार कक्ष से सकलेन अख्तर।

---

बेगूसराय के बिहट स्थित रतन चौक के पास आज सुबह सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गयी, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। हमारे संवाददाता ने बताया कि टेम्पो और कार के बीच टक्कर हो गयी। मृतकों की पहचान अभी नहीं हो पायी है। घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

---

राज्य में तीसरे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा का एडमिट कार्ड आज जारी किया जाएगा। एडमिट कार्ड बिहार लोक सेवा आयोग के डैशबोर्ड पर अपलोड होगा। अभ्यर्थी अठारह जुलाई तक एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा उन्नीस से बाईस जुलाई तक आयोजित की जाएगी।

---

राज्य में खेलों के विकास के लिए सभी पंचायतों में स्पोट्‌र्स क्लब खोले जायेंगे। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक रविन्द्र शंकरण ने बताया कि इसके लिए तेरह जुलाई को पटना के पाटलिपुत्र खेल परिसर में एक बैठक होगी। इस बैठक में राज्य के सभी खेल संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों के साथ विचार–विमर्श किया जएगा।

———बाईट———

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है– ग्रामीण बैंक कर्मियों को व्यावसायिक बैंकों के समान मिलेगा वेतनमान, अधिसूचना जारी। अखबार लिखता है– तैंतालीस ग्रामीण बैंकों के कर्मियों को मिलेगा लाभ।

**दैनिक भास्कर** लिखता है– एनएसओ की रिपोर्ट : सात साल में बिहार में छह लाख नौकरियां बढ़ीं, बंगाल में तीस लाख घटीं।

**प्रभात खबर** ने बाढ़ की खबर को अपनी पहली लीड बनाते हुए लिखा है– मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हवाई सर्वेक्षण कर बाढ़ की स्थिति का लिया जायजा।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है– सुप्रीम कोर्ट ने कहा– जमानत के लिए आरोपित की निजी जिंदगी में झांकने की इजाजत नहीं ।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. कोसी, गंडक, बागमती और महानंदा नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण पश्चिम चंपारण, सुपौल और गोपालगंज समेत राज्य के सात जिले बाढ़ की चपेट में।
02. केन्द्र सरकार ने गया के डोभी में प्रदेश के सबसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र के निर्माण को दी मंजूरी। एक हजार तीन सौ पचास करोड़ रूपये से अधिक के निवेश की संभावना।
03. रूपौली विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदान कल। तीन लाख से अधिक मतदाता ग्यारह प्रत्याशियों की किस्मत का फैसला करेंगे।
04. और, बेगूसराय के बिहट में आज सुबह हुई सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत। तीन अन्य गंभीर रूप से घायल।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।